प्रेस नोट
दिनांक 13.03.2025

पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में समस्त राजपत्रित अधिकारी/थाना प्रभारियों द्वारा आगामी त्योहारों (होलिका दहन, रंगोत्सव/होली, रमजान माह) के दृष्टिगत भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त/रूट मार्च कर कराया गया सुरक्षा का एहसास, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश--

आज दिनांक 13.03.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों/थाना प्रभारियों द्वारा आगामी त्योहारों होलिका दहन, रंगोत्सव/होली, रमजान माह को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने तथा जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने अपने क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त कर आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा आमजनमान से जनसंवाद कर शासन के द्वारा जारी गाइडलाइनों से सभी को अवगत कराया तथा सभी से आपसी भाईचारा, शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने व शांतिपूर्वक त्योहारों को मनाने की अपील की गई साथ ही बताया गया कि आगामी पर्व **(होलिका दहन, रंगोत्सव/होली, रमजान माह)** के दृष्टिगत संवेदनशील स्थलों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, सर्राफा बाजार, कस्बा, चौराहों आदि महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सतर्कता रखते हुए सुरक्षा हेतु प्रभावी प्रबन्ध किए गए है तथा पर्याप्त संख्या में पुरूष/महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है। संवेदनशील स्थलों पर सी0सी0टी0वी0/ड्रोन कैमरों की व्यवस्था की गयी है। आवागमन के मार्गो, संवेदनशील स्थलों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों तथा धार्मिक स्थलों के आस-पास प्रभावी मोबाइल पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गयी है। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु प्रत्येक चौक, चौराहों व यातायात बिंदु पर पुलिस बल को तैनात किया गया है।

मीडिया सेल, गोण्डा।